**फा. सं./F. No. A-12026/3/2015-SO (CA)**
**भारत सरकार/Government of India**
**वित्त मंत्रालय/Ministry of Finance**
**राजस्व विभाग/Department of Revenue**
**सक्षम प्राधिकारी सेल/Competent Authority Cell**

********

**North Block, New Delhi**
**Dated: the 06th June, 2023**

## VACANCY CIRCULAR

Applications are invited in the Proforma given in the Annexure, from the officers working under Central Government through proper channel for filling up of one post of Registrar in the Appellate Tribunal under Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976, New Delhi on deputation basis.

| | | |
|---|---|---|
| **Name of the post** | : | **Registrar (Group 'A' Gazetted)** |
| **Scale of pay** | : | **₹ 15,600 – 39,100 + G.P. Rs. 6,600 (Pre-revised)-Pay Level-11(As per 7th CPC)** |

**Eligibility Criteria:**

Officers under Central Government: -

(a) (i) holding analogous posts; or

(ii) with five years' service in posts in the scale of ₹ 8000-275-13500 (pre-revised) or equivalent in the parent cadre or Department; or

(iii) with eight years' regular service in posts in the scale of ₹ 6500-200-10500 (pre-revised) or equivalent in the parent cadre or Department; and

(b) Possessing experience in administration, establishment and accounts matters and preferably degree in Law from recognized University or equivalent.

2. Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other Organization/Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.

**From pre page: -**

3. Applications in the prescribed Proforma, along with up-to-date attested copies of ACR/APAR dossiers for the last five years, cadre clearance, vigilance clearance, integrity certificate and major/minor penalty statement for the past 10 years may be forwarded to the Under Secretary (Ad.1C), Ministry of Finance, Department of Revenue, Room No. 51-II, North Block, New Delhi-110001 within 60 days from the date of publication of the advertisement in the Employment News.

4. Applications of only those officers who are eligible and willing and whose services can be spared immediately on their selection may be forwarded. Applications received after the prescribed date and/or incomplete in any respect shall not be considered. Selected officers shall not be allowed to withdraw his/her application. Advance copy of the application shall not be entertained. Candidates who apply for the post will not be allowed to withdraw his/her application subsequently.

**(Vivek Mishra)**
**Under Secretary to the Government of India**
**Tel. No. 23095369**

To:

1. All Ministries and Departments of Government of India.
2. Webmaster, CBIC, Directorate of Systems, New Delhi, for hosting this Circular on the official website of CBIC.
3. Webmanager, CBDT, Room No. 7008, Aayakar Bhawan, Vaishali, Ghaziabad. U.P., for hosting this Circular on the official website of CBDT.
4. Computer Section, for hosting the Circular on the website of Deptt. of Revenue.

# BIO-DATA/CURRICULUM VITAE PROFORMA

| | |
|---|---|
| 1. Name and Address (in Block Letters) | |
| 2. Date of Birth (in Christian era) | |
| 3. (i) Date of entry into Govt. Service | |
| (ii) Date of retirement under Central Government Rules | |
| 4. Educational Qualifications | |
| 5. Whether Educational and other qualifications required for the post are satisfied. **(If any qualification has been treated as equivalent to the one prescribed in the Rules, state the authority for the same)** | |
| **Qualification/Experience required as mentioned in the advertisement/vacancy circular** | **Qualification/experience possessed by the officer** |
| **Essential** | **Essential** |
| A) Qualification | A) Qualification |
| B) Experience | B) Experience |
| **Desirable** | **Desirable** |
| A) Qualification | A) Qualification |
| B) Experience | B) Experience |
| **5.1. Note:** In the case of Degree and Post Graduate Qualification Elective/ main subjects and subsidiary subjects may be indicated **by the candidate.** | |
| 6. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requisite Essential Qualifications and work experience of the post. | |

**7.** Details of Employment, in chronological order. Enclose a separate sheet duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient.

| Office/Institution | Post held on regular basis | From | To | *Pay Band and Grade Pay/Pay Scale of the post held on regular basis | Nature of Duties (in detail) highlighting experience required for the post applied for |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

*Important: Pay-band and Grade Pay granted under ACP/MACP are personal to the officer and therefore, should not be mentioned. Only pay Band and Grade Pay/Pay scale of the post held on regular basis to be mentioned. Details of ACP/MACP with present Pay Band and Grade Pay where such benefits have been drawn by the Candidate, may be indicated as below;

| Office/Institution | Pay-band and Grade Pay drawn under ACP/MACP scheme | From | To |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **8.** Nature of present employment i.e. Ad-hoc or Temporary or Quasi-Permanent or Permanent | | | |
| **9.** In case the present employment is held on deputation/ contract basis, please state- | | | |
| **a) The date of initial appointment** | **b) Period of appointment on deputation/ contract** | **c) Name of the parent office/ organization to which the applicant belongs.** | **d) Name of the post and Pay of the post held in substantive capacity in the parent organization** |
| | | | |
| **9.1 Note:** In case of Officers already on deputation, the applications of such officers should be forwarded by the parent cadre/Department along with Cadre Clearance, Vigilance Clearance and Integrity certificate.<br>**9.2 Note:** Information under Column 9(c) & (d) above must be given in all cases where a person is holding a post on deputation outside the cadre/organization but still maintaining a lien in his parent cadre/organization. | | | |

| | | |
|---|---|---|
| **10.** If any post held on Deputation in the past by the applicant, date of return from the last deputation and other details. | | |
| **11.** Please state whether you are working in the same Department and are in the feeder grade or feeder to feeder grade. | | |
| **12.** Are you in Revised Scale of Pay? If yes, give the date from which the revision took ~~place and also indicate the pre-revised scale~~ | | |
| **13.** Total emoluments per month now drawn | | |
| **Basic pay in the PB** | **Grade Pay** | **Total Emoluments** |
| | | |
| **14.A. Additional information,** if any, relevant to the post you applied for in support of your suitability for the post.<br><br>(This among other things may provide information with regard to<br><br>i. additional academic qualifications<br>ii. professional training and<br>iii. work experience over and above prescribed in the Vacancy Circular/Advertisement)<br><br>**(Note: Enclose a separate sheet, if the space is insufficient)** | | |
| **14.B. Achievements:**<br>The candidates are requested to indicate information with regard to;<br>i. Research publications and reports and special projects<br>ii. Awards/Scholarships/Official Appreciation<br>iii. Affiliation with the professional bodies/institutions/societies and;<br>iv. Patents registered in own name or achieved for the Organization<br>v. Any research/innovative measure involving official recognition<br>(vi) Any other information.<br>**(Note: Enclose a separate sheet if the space is insufficient)** | | |
| **15. Whether belongs to SC/ST** | | |

I have carefully gone through the vacancy circular/advertisement and I am well aware that the information furnished in the Curriculum Vitae duly supported by the documents in respect of Essential Qualification/ Work Experience submitted by me will also be assessed by the Selection Committee at the time of selection for the post. The information/ details provided by me are correct and true to the best of my knowledge and no material fact having a bearing on my selection has been suppressed/ withheld.

(Signature of the candidates)

Date: ______________

Address ________________

________________________

Phone No: -

[Countersigned by employer with seal and telephone number]

## Certificate by the Employer/Cadre Controlling Authority

The information/details provided in the above application by the applicant are true and correct as per the facts available on records. He/ She possesses educational qualifications and experience ~~mentioned in the vacancy Circular. If selected, he/she will be relieved immediately.~~

2. Also certified that;

i) There is no vigilance or disciplinary case pending/contemplated against Shri/Smt. ____________________

ii) His/ Her integrity is certified.

iii) His/ Her CR Dossier in original is enclosed/photocopies of the ACRs for the last 5 years duly attested by an officer of the rank of Under Secretary of the Govt. of India or above are enclosed.

iv) No major/minor penalty has been imposed on him/her during the last 10 years Or A list of major/minor penalties imposed on him/her during the last 10 years is enclosed. (as the case may be)

Countersigned

______________________________

**(Employer/Cadre Controlling Authority with Seal)**

**फॉ. सं./F. No. A-12026/3/2015-SO (CA)**

**भारत सरकार/Government of India**

**वित्त मंत्रालय/Ministry of Finance**

**राजस्व विभाग/Department of Revenue**

**सक्षम प्राधिकारी सेल/Competent Authority Cell**

*******

**नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली**
**दिनांक: 06 जून, 2023**

## रिक्ति परिपत्र

तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976, नई दिल्ली के तहत अपीलीय अधिकरण में प्रतिनियुक्ति के आधार पर रजिस्ट्रार का एक पद भरने के लिए केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत अधिकारियों से अनुबंध में दिए गए प्रोफार्मा में उचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**पद का नाम : रजिस्ट्रार (समूह 'क' राजपत्रित)**
**वेतनमान : ₹ 15,600 - 39,100 + रु. 6,600 ग्रेड वेतन (पूर्व-संशोधित) - वेतन लेवल -11 (7वें सीपीसी के अनुसार)**

**पात्रता मापदंड:**

केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी:-

(क) (i) जो सदृश पद धारण किए हुए हैं; या

(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में रु. 8000-275-13500 (पूर्व-संशोधित) के वेतनमान के पदों पर या समतुल्य पदों पर पाँच वर्ष की सेवा की है; या

(iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में रु. 6500-200-10500 (पूर्व-संशोधित) के वेतनमान के पदों पर या समतुल्य पदों पर आठ वर्ष की नियमित सेवा की है; और

(ख) जिनके पास प्रशासन, स्थापना और लेखा मामलों में अनुभव और अधिमानतः मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री या समतुल्य डिग्री है।

<u>पिछले पृष्ठ से:-</u>

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन पिछले पाँच वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर की अद्यतन अनुप्रमाणित प्रतियों, काडर अनापत्ति प्रमाणपत्र, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई छोटी/बड़ी शास्ति के विवरण सहित रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर अवर सचिव (एडी. 1सी), वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, कमरा नंबर 51-II, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली -110001 को भेजने होंगे।

4. केवल उन्हीं अधिकारियों के आवेदन अग्रेषित किए जाएं जो पात्र और इच्छुक हैं और जिनका चयन होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त और/या किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। चयनित अधिकारियों को अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आवेदन की अग्रिम प्रति पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**(विवेक मिश्रा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष सं. 23095369**

सेवा में:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग।
2. वेबमास्टर, सीबीआईसी, प्रणाली निदेशालय, नई दिल्ली को इस परिपत्र को सीबीआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर डालने के लिए।
3. वेब मैनेजर, सीबीडीटी, कमरा सं. 7008, आयकर भवन, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को इस परिपत्र को सीबीडीटी की आधिकारिक वेबसाइट पर डालने के लिए।
4. कम्प्यूटर अनुभाग को इस परिपत्र को राजस्व विभाग की वेबसाइट पर डालने के लिए।

**जीवन वृत्त/शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव प्रोफार्मा**

| | |
|---|---|
| 1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | |
| 3. (i) सरकारी सेवा में प्रवेश की तारीख | |
| (ii) केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. शैक्षिक अर्हताएं | |
| 5. क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी हैं। **(यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समतुल्य माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार का उल्लेख करें)** | |
| **विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में किए गए उल्लेख के अनुसार आवश्यक अर्हता/अनुभव** | **अधिकारी के पास अर्हता/अनुभव** |
| **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| क) अर्हता | क) अर्हता |
| ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| क) अर्हता | क) अर्हता |
| ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| 5.1 टिप्पण: **अभ्यर्थी** द्वारा डिग्री और स्नातकोत्तर अर्हता के मामले में वैकल्पिक / मुख्य विषय और सहायक विषय इंगित किए जाएं। | |

| 6. कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के अनुसार आपके पास पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताएं और कार्य अनुभव है। | |
|---|---|
| | |

7. रोजगार का कालानुक्रमिक विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न करें और उसे अपने हस्ताक्षर से विधिवत अधिप्रमाणित करें।

| **कार्यालय/संस्था** | **नियमित आधार पर धारित पद** | **से** | **तक** | ***नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/ वेतनमान** | **कार्यों की प्रकृति (विस्तृत विवरण), आवेदित पद के लिए आवश्यक अनुभव को हाइलाइट करते हुए** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदत्त वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिगत हैं, इसलिए, इसका उल्लेख न किया जाए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण, जहां अभ्यर्थी को इस तरह के लाभ मिले हैं, को निम्मानुसार दर्शाया जा सकता है;

| **कार्यालय/संस्था** | **एसीपी/एमएसीपी स्कीम के तहत आहरित वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन।** | **से** | **तक** |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया उल्लेख करें- | |

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख)प्रतिनियुक्ति/ संविदा पर नियुक्ति की अवधि | ग) आवेदक के मूल कार्यालय/संगठन का नाम | घ) मूल संगठन में मूल क्षमता में धारित पद का नाम और वेतनमान |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| **9.1 टिप्पण:** अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं, तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल काडर/विभाग द्वारा काडर अनापत्ति प्रमाणपत्र, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किए जाएं।<br>**9.2 टिप्पण:** उपरोक्त कॉलम 9(ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जाए, जहाँ व्यक्ति काडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है लेकिन अभी भी अपने मूल काडर/संगठन में पुनर्ग्रहणाधिकार रख रहा है। | |
| **10.** यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख एवं अन्य विवरण। | |
| **11.** कृपया उल्लेख करें कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं। | |
| **12.** क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो उस तारीख का उल्लेख करें जब से संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें। | |

**13.** वर्तमान में प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां

| वेतन बैंड में मूल वेतन | ग्रेड वेतन | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| **14.क.** जिस पद के लिए आपने आवेदन किया है, उस पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में संबंधित **अतिरिक्त जानकारी**, यदि कोई हो।<br><br>(इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान की जाए -<br><br>i. अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं<br>ii. पेशवर प्रशिक्षण और<br>iii. रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक कार्य अनुभव)<br><br>**(टिप्पण: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)** | |
| **14.ख. उपलब्धियां:**<br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दें; | |

| | |
|---|---|
| i. अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं<br>ii. पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>iii. पेशेवर निकायों/संस्थानों/सोसायटियों के साथ संबद्धता और;<br>iv. स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट।<br>v. कोई भी अनुसंधान/नवाचारी उपाय जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल हो<br>(vi) कोई अन्य जानकारी।<br>**(टिप्पण: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)** | |
| **15. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं** | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं इससे भलीभाँति अवगत हूँ कि मेरे द्वारा जीवनवृत्त में दी गई अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित जानकारी का उक्त पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही और सत्य है और मेरे चयन को प्रभावित करने वाले किसी भी भौतिक तथ्य को छुपाया/दबाया नहीं गया है।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

तारीख: ____________

पता ____________

____________

फोन नंबर:-....................

**[मुहर और टेलीफोन नंबर के साथ नियोक्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित]**

## <u>नियोक्ता / काडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र</u>

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है। उनके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है। यदि उनका चयन होता है, तो उसे तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

i) श्री/श्रीमती________________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनिक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) उनकी सीआर डोजियर मूल रूप से संलग्न है/ पिछले 5 वर्षों की एसीआर की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित फोटोप्रतियां संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गयी है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामलो हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

______________________________

(नियोक्ता/काडर नियंत्रक प्राधिकारी, मुहर सहित)